केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

संख्या सीबीएसई/सीई/पीपीएस/2022/ दिनांक: 16.11.2022

सीबीएसई से संबद्ध सभी विद्यालयों
के प्रधानाचार्य/ प्रमुख
(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)

विषय: बाह्य प्रैक्टिकल परीक्षकों के लिए टर्म-II के भुगतान हेतु एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस)

महोदया/महोदय,

आप जानते है कि सीबीएसई द्वारा एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) का प्रयोग करके टर्म-I परीक्षा का भुगतान किया जा चुका है। आईपीएस का यह लाभ है कि लाभार्थी के खाते में बोर्ड द्वारा सीधे भुगतान किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, एक बार सही ढंग से आँकड़े भरे जाने और फ्रीज किए जाने/अंतिम रूप दिए जाने पर भुगतान की स्वत: अदायगी हो जाती है।

जैसा कि पहले सूचित किया जा चुका है, बोर्ड द्वारा टर्म-II परीक्षाओं के प्रैक्टिकल के संचालन में शामिल बाह्य परीक्षकों के भुगतान के लिए आईपीएस प्रारंभ किया जा रहा है। सभी संबंधित से अनुरोध है कि वे आईपीएस में आँकड़े भरें। ऐसा करते समय, निम्नलिखित के लिए अनुरोध किया जाता है:-

1. आईपीएस के प्रयोगकर्ता मैनुअल को पढ़ें और भरे जाने वाले अपेक्षित स्तम्भ/ स्थानों को नोट कर लें।
2. इस आधार पर, आँकड़े एकत्र कर लें और यह सुनिश्चित करने के लिए इनकी दोबारा जांच कर लें कि भरे गए आँकड़े सही हैं।
3. कृपया सुनिश्चित करें कि आईएफएससी कोड बैंकों के नए विलय के अनुसार है।

एक बार आश्वस्त होने पर कि आकड़े सहीं हैं, इन्हें भरा जा सकता है। स्वीकार्य दरें स्वत: भरी जाएंगी। तथापि, दरों का विवरण आईपीएस मॉड्यूल में ही उपलब्ध हैं। आंकड़े भरे जाने पर, सीबीएसई द्वारा स्वचालित तरीके से भुगतान करना शुरू किया जाएगा। बाह्य प्रैक्टिकल परीक्षकों के लिए आईपीएस के उपरांत, सीबीएसई द्वारा टर्म-II परीक्षा के संचालन के लिए और इसके उपरांत मूल्यांकन के लिए भी भुगतान शुरू किया जाएगा।

प्रणाली में सुधार के लिए सुझाव, यदि हों, को ईमेल आईडी suggestions.cbseips@cbseshiksha.in पर भेजने का अनुरोध किया जाता है। मुझे विश्वास है कि बोर्ड की इस पहल से, संबंधित गतिविधि के पूरा हो जाने के तुरंत बाद एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) का उपयोग करके भविष्य में सभी भुगतान किए जा सकेंगे।

भवदीय,

हस्ता/-
(डॉ संयम भारद्वाज)
परीक्षा नियंत्रक